पंजाब केसरी 22/03/2024

हिन्दी काव्य संगोष्ठी प्रतियोगिता में छाए जी.एम.एन. कालेज के रबनूर और तरुण

हिन्दी काव्य संगोष्ठी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते जी.एम.एन. कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 21 मार्च (बलराम): युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एस.ए. जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डा. पदम सिंह शर्मा 'कमलेश' मैमोरियल हिन्दी काव्य संगोष्ठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थियों रबनूर और तरुण ने अपनी प्रतिभा का लोहा मंगवाते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल किया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि रबनूर समय-समय पर सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेती रहती हैं। उन्होंने बहुत से पुरस्कार भी हासिल किए हैं। संगीत विभाग की अध्यक्ष डा. मंजीत कौर ने बताया कि एस.ए. जैन कालेज में आयोजित हिन्दी काव्य संगोष्ठी प्रतियोगिता में रबनूर ने स्वरचित कविता 'सत्य की व्यथा' पर प्रथम पुरस्कार हासिल किया तो वहीं तरुण ने वीर रस की कविता पेश कर द्वितीय स्थान हासिल कर कालेज और विभाग को गौरवान्वित किया है।